मध्य प्रदेश शासन
गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन,

<u>//आदेश//</u>

भोपाल,दिनांक 28/05/2018

क्रमांक एफ–1(बी) 40/2017/बी–4/दो,:: इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 26.10.2017 द्वारा परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद पर, लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भरती से मुख्य सूची से चयनित एवं नियुक्त कुमारी मीनू पचौरी, ग्राम– दिनारा, तहसील–करैरा, जिला–शिवपुरी, मध्यप्रदेश द्वारा दिनांक 02.11.2017 को कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी, श्योपुर में कार्यभार ग्रहण किया गया। इन्होंने जिला लोक अभियोजन अधिकारी, श्योपुर के माध्यम से सचालक, लोक अभियोजन म0प्र को आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया कि इनका चयन व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2 के पद पर होने के कारण इनकी पदस्थापना अशोकनगर में की गई है। इनके द्वारा नियमानुसार एक माह का वेतन चालान के माध्यम से जमा करा दिया है। अतः दिनांक 16.01.2018 से त्यागपत्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया।

2/– संचालक, लोक अभियोजन, म.प्र. के पत्र क्रमांक लोक.अभि. सचा/स्था–4/322 दिनांक 10.05.2018 के अनुसार कुमारी मीनू पचौरी, परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, श्योपुर द्वारा त्यागपत्र देने के फलस्वरूप इनके द्वारा एक माह का वेतन मेजर हेड 0055 में चालान द्वारा दिनांक 23.02.2018 द्वारा राशि रूपये 38010/– (रूपये अडतीस हजार दस मात्र) जमा कर दी गई है।

3/– कुमारी मीनू पचौरी, परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, श्योपुर के पद पर नियुक्ति/पदस्थापना हेतु जारी समसमंख्यक आदेश दिनांक 26.10.217 की कंडिका–6 में निहित प्रावधानों के तहत इन्होंने एक माह का वेतन राशि रूपये 38010/– (रूपये अडतीस हजार दस मात्र) मेजर हेड 0055 में चालान द्वारा दिनांक 23.02.2018 द्वारा जमा करा दी गई है।

4/– अतः राज्य शासन एतद्द्वारा कुमारी मीनू पचौरी, परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, श्योपुर का दिनांक 16.01.2018 से त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

28.5.18

(श्रीदास)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग

क्रमांक एफ–1(बी) 40/2017/बी–4/दो भोपाल दिनांक 28/05/2018

प्रतिलिपि :–

1 प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग।
2 संचालक, लोक अभियोजन, म.प्र.
3 महालेखाकार, म0प्र0 ग्वालियर
4 सचिव, लोक सेवा आयोग, इंदौर।
5 जिला अभियोजन अधिकारी, श्योपुर।
6 सबंधित अधिकारी – कुमारी मीनू पचौरी, परिवीक्षाधीन एडीपीओ श्योपुर– द्वारा संचालक, लोक अभियोजन, म0प्र0
7 आर्डर बुक

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

28.5.18

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग